समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• दिसम्बर २०२० • वर्ष ७१ • अंक १२

मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

२५ दिसम्बर २०२० : अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के ८६वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल, विशिष्ट अतिथिगण दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष श्री रामनिवास गोयल एवं सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के साथ परिलक्षित हैं सर्वश्री पवन गोयनका, राजकुमार मिश्रा, लक्ष्मीपत भूतोड़िया तथा अन्य केन्द्रीय-प्रांतीय पदाधिकारीगण।

२७ दिसम्बर २०२० : झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में आयोजित सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की बैठक में, राँची में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया। साथ में परिलक्षित हैं सर्वश्री बसंत मित्तल, ओमप्रकाश अग्रवाल, पवन शर्मा एवं अन्य प्रांतीय पदाधिकारीगण।

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष



श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल

| www.dollarglobal.in | Buy Online: www.dollarshoppe.in | Also available at all leading shopping portals

Dollar products are available in over 800 cities/towns and 100,000 MBOs across India | Govt. Certified STAR EXPORT HOUSE

समाज विकास

◆ दिसम्बर २०२० ◆ वर्ष ७१ ◆ अंक १२
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

अनुक्रमणिका

शीर्षक — पृष्ठ संख्या

- **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया** ४
  आइये, समाज को हम अपना सर्वश्रेष्ठ दें!
- **अध्यक्षीय : गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ५-६
  सम्मेलन – कल आज और कल
- **रपट –**
  सम्मेलन का ८६वाँ स्थापना दिवस समारोह ७-१०
  सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की बैठक १२-१३
- **प्रांतीय समाचार : पूर्वोत्तर** १४
- **आलेख : संजय हरलालका** १५
  'कोरोना' न बणावो 'करुणा'
- देव-स्तुति १९
- सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत २८-३०

स्वत्वाधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
All India Marwari Federation

प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
फोन : ०३३-४००४ ४०८९
पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा ◆ सम्पादक : शिव कुमार लोहिया

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

सम्मेलन के मौजूदा सत्र (२०२०-२२) हेतु पदाधिकारियों की घोषणा

गत २१-२२ नवम्बर २०२० को राँची, झारखंड में सम्पन्न अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के २६वें राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्वग्रहण के पश्चात श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने गत २६ नवम्बर २०२० को वर्तमान सत्र (२०२०-२२) हेतु राष्ट्रीय पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की जो निम्नवत हैं –

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

श्री भानीराम सुरेका (कोलकाता)
श्री पवन कुमार गोयनका (दिल्ली)
श्री पवन कुमार सुरेका (दरभंगा)
श्री अशोक कुमार जालान (सम्बलपुर)
डॉ. श्याम सुंदर हरलालका (गुवाहाटी)
श्री विजय कुमार लोहिया (चेन्नई)

राष्ट्रीय महामंत्री

श्री संजय हरलालका (कोलकाता)

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री

श्री गोपाल अग्रवाल (कोलकाता)
श्री सुदेश कुमार अग्रवाल (कोलकाता)

राष्ट्रीय संगठन मंत्री

श्री बसंत कुमार मित्तल (राँची)

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका (कोलकाता)

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
4बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला)
41, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता-700 017

समाज से सादर निवेदन

वैवाहिक अवसर पर मद्यपान करना - कराना धार्मिक एवं सामाजिक दोनों रूप से उचित नहीं है।

प्री-वेडिंग शूट
हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ है।

समाजहित में इनसे परहेज करें।

निमंत्रण में ई-कार्ड को बढ़ावा दें।

आइये, समाज को हम अपना सर्वश्रेष्ठ दें!

हम सब २०२० के अंतिम पड़ाव पर पाँव धर चुके हैं। यह वर्ष अप्रत्याशित एवं अकल्पनीय विषम परिस्थितियों के बीच गुजरा है। मानव ने अपनी जिजीविषा एवं जुझारूपन के साथ इसका सामना किया है। नये-नये नियम, नये-नये मापदंड स्थापित करते हुए जनजीवन को सामान्य बनाने की लगातार कोशिश जारी है। सुरंग के अंत में प्रकाश की किरणें दिखाई देने लगी हैं। आशा किया जाता है कि जल्द ही हम इस संकट के साथ सामंजस्य बैठाते हुए नये वर्ष में प्रवेश करेंगे।

यह एक संकट की घड़ी है। संकट की घड़ी में मनुष्य के चरित्र का परिचय मिलता है। ऐसी परिस्थिति में मनुष्य अपने छिपे हुए या दबे हुए ऊर्जा एवं प्रतिभा को काम में लगाता है। वर्षा और तूफान फूलों को तबाह कर सकते हैं, लेकिन बीज को नष्ट नहीं कर सकते। हम सब जानते हैं, इन परिस्थितियों के कारण सम्मेलन के राष्ट्रीय अधिवेशन के आयोजन में विलम्ब हुआ। फिर भी सम्मेलन की गरिमा एवं परम्परा के अनुसार गणतांत्रिक एवं नैतिक मूल्यों का परिचय देते हुए गत २१-२२ नवम्बर को राष्ट्रीय अधिवेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में झारखंड के राज्यपाल श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं राज्यसभा के उपाध्यक्ष श्री हरिवंश जी की गरिमापूर्ण उपस्थिति सम्मेलन एवं उसके राष्ट्रीय अधिवेशन के महत्व को पुष्ट करता है। सन् १९३५ में अपने स्थापना के बाद से सम्मेलन समाज का विभिन्न विषयों पर सशक्त प्रतिनिधित्व करता आया है। साथ ही समाज के उचित मार्गदर्शन के साथ-साथ, नये-नये मापदंड स्थापित करता आया है। अक्सर यह देखा गया है कि लोग अपने कर्तव्यों को भूल जाते हैं पर अधिकारों को याद रखते हैं। सम्मेलन अपने सम्पूर्ण इतिहास में अपने कर्त्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गतिशील रहा है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सम्मेलन ने अन्य संस्थाओं के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। परिस्थिति के अनुसार सम्मेलन सदैव अपने को ढालकर समाज के लिये प्रासंगिक रहा है। इस प्रकार के संस्था को करने को बहुत कुछ रहता है। कवि की कुछ पंक्तियाँ याद आ रही है जो मेरी समझ में, सम्मेलन की प्रतिबद्धता को परिभाषित करती है –

गति प्रबल पैरों में पड़ी
फिर क्यों रहूँ दर-दर खड़ा
जब आज मेरे सामने
है रास्ता इतना पड़ा
जब तक न मंजिल पा सकूँ
तब तक न मुझे विराम है
चलना हमारा काम है।

मानव व्यवहार तीन मुख्य स्रोतों से निर्मित होता है – इच्छा, भावना और ज्ञान। सम्मेलन के नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं में इन तीनों का समावेश रहा है। फलस्वरूप हम विश्वास के साथ अपने कदम बढ़ाते हैं। अगर हम विश्वास के साथ अपना कार्य संपादन करते हैं तो हम दुगुने शक्तिशाली हो जाते हैं।

सम्मेलन विगत वर्षों में मुख्य रूप से समाज सुधार एवं समाज विकास के गठनमूलक कार्यक्रमों में ही संलग्न रहा है। यह अपने तरह की एकमात्र सामाजिक संस्था है जो अपने समाज की खामियों की ओर नजर रखता है एवं उसे दूर करने के लिये असरदार प्रयास करता है। साथ ही साथ हमारी खूबियाँ, हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार, हमारी भाषा के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये प्रयत्नशील रहता है। समय की नजाकत एवं समाज की ज्वलंत आवश्यकताओं के मद्देनजर समय समय पर सम्मेलन सेवा प्रकल्प भी सम्पादित करता आया है। इसी कड़ी में हाल ही में एक व्यापक कार्यक्रम 'अन्नपूर्णा की रसोई' के नाम से हाथ में लिया गया है। यही कारण है कि सम्मेलन के उद्देश्यों एवं कार्यों को समाजबंधुओं एवं देश के गणमान्य व्यक्तियों का आशीर्वाद प्राप्त रहा है। गत दो सत्रों में सदस्यता अभियान की अभूतपूर्व सफलता सम्मेलन के प्रासंगिकता एवं महत्व को दर्शाता है। इस बात का हमें गर्व है कि देश के सभी महत्वपूर्ण राज्यों में जहाँ समाज का प्रतिनिधित्व है, सम्मेलन सक्रिय है। पिछले कुछ वर्षों की गतिविधियों के फलस्वरूप सम्मेलन की नींव और गहरी हो गई है। शनैः शनैः सम्मेलन की आवाज अब सत्ता के गलियारों में भी सुनी जाने लगी है, जो कि वर्तमान परिवेश में संस्था के व्यापक संगठन की ओर इंगित करता है।

हमारा नया सत्र इस माह से प्रारम्भ हो रहा है। हमारे नये राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्मेलन के प्रवीण समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने समर्पण, उत्साह एवं सफलता के साथ अपने सभी उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया है। उनके नेतृत्व में सम्मेलन नयी ऊँचाईयों को प्राप्त करेगा, इसमें कोई शक नहीं। कामयाबी तभी मिलती है जब अवसर एवं तैयारी का पूरी तरह मेल हो जाता है। श्री गाड़ोदिया के नेतृत्व में सम्मेलन दोनों उपादानों से भरपूर है। युद्ध जैसी परिस्थिति से हम गुजर रहे हैं। नयी चुनौतियों के हम सम्मुखीन हैं। ऐसी परिस्थिति में कुशल नायक का महत्व बढ़ जाता है। समाज की सेवा करने का अवसर हमें अपना ऋण चुकाने का मौका देता है। हमारा समाज चुनौतियों का सामना करने में कभी भी पीछे नहीं हटा है। बल्कि यह कहें कि चुनौतियों के साथ हमारा पुराना नाता है। आइये, हम समाज को अपना सर्वश्रेष्ठ दें। सर्वश्रेष्ठ ही हमारे पास लौट कर आयेगा।

शिव कुमार लोहिया

अध्यक्षीय

सम्मेलन – कल आज और कल

– गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया

स्नेही-सुधी समाजबंधु,

सर्वप्रथम अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के ८६वें स्थापना दिवस पर आप सबको हार्दिक बधाई! इस पुण्य अवसर पर स्वयं को सम्मेलन के समाजकल्याणकारी लक्ष्यों हेतु पुनर्समर्पित करते हुए मैं समस्त समाज के सर्वांगीण विकास की कामना करता हूँ!

बहुत प्रचलित कहावत है जिससे आप सभी लोग अवगत होंगे – आवश्यकता आविष्कार की जननी है। किसी भी समाज में, व्यवसायिक समुदाय में या राजनैतिक स्तर पर जब कोई समस्या सामने आती है तो उसके निवारण हेतु संगठन की आवश्यकता होती है। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना भी २५ दिसम्बर १९३५ को कुछ समस्याओं के निराकरण हेतु हुई। प्रमुख समस्या थी प्रवासी मारवाड़ियों को नागरिकता के अधिकार से वंचित रखना। उस वक्त हम ब्रिटिश सरकार द्वारा शासित थे। एक श्वेतपत्र प्रकाशित कर, ब्रिटिश सरकार ने देशी रियासतों के नागरिकों को ब्रिटिश सरकार के नागरिकता के अधिकार से वंचित कर दिया। इससे प्रवासी मारवाड़ी बहुत ज्यादा प्रभावित हुए, क्योंकि जहाँ वे रह रहे थे वहाँ उन्हें नागरिक अधिकार से वंचित कर दिया गया था। सोच कर देखिए जहाँ आप रह रहे हों और वहाँ आपको नागरिक अधिकार ही न हो!!

सम्मेलन के प्राणपुरुष स्वर्गीय ईश्वरदास जालान ने कहा था कि नागरिकता के अधिकार से वंचित होने से देश के विभिन्न क्षेत्रों में बसे मारवाड़ियों को विदेशी माना जाता और वह मताधिकार सहित सभी नागरिक अधिकारों से वंचित हो जाते। परंतु यह समाज को कतई स्वीकार नहीं था और इससे निजात पाने के लिए समाज को वृहद रूप से संगठित करने का प्रयास शुरू हुआ। फलस्वरूप अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना की गई। स्वर्गीय ईश्वरदास जालान, स्वर्गीय काली प्रसाद खेतान, स्वर्गीय बद्री प्रसाद गोयनका आदि ने इस कार्य का बीड़ा उठाया। समाज के विशिष्ट व्यक्तियों तथा स्वनामधन्य स्वर्गीय घनश्याम दास बिरला और स्वर्गीय जमुनालाल बजाज आदि से संपर्क साधा गया और राजनीतिक दबाव से अंततः देशी रियासतों के वासियों को नागरिक अधिकार पुनः प्राप्त हुए।

इस जटिल कार्य के संपादित होने के पश्चात समाज में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की एक अच्छी छवि उभरी। सम्मेलन ने सामाजिक हित के कार्यों को अपने हाथ में लिया। समाजसेवा, शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार आदि सभी इसमें प्रमुख थे। धीरे-धीरे लोगों में राजनीतिक चेतना भी आने लगी। समाजसेवा के साथ समाज-सुधार के कार्य भी किए जाने लगे। पर्दाप्रथा, विधवा-विवाह, नारीशिक्षा, उच्च शिक्षा, बालविवाह-उन्मूलन आदि इसमें प्रमुख थे। इसमें समाज ने काफी हद तक सफलता पाई। पर्दाप्रथा तथा बालविवाह पूर्ण रूप से समाप्त हो चुके हैं। पर्दा उठते-उठते शरीर पर से कपड़े भी कम होने लगे। अब उसकी जगह शालीनता से वस्त्र पहनने की बात हो रही है। बालविवाह की बात छोड़िए, अब तो विवाह की उम्र ३० के पार जा रही है जो सोचनीय है। अब समाज में नारियाँ साक्षर ही नहीं हैं, अन्य लोगों को भी साक्षर कर रही हैं। आज मारवाड़ी महिलाएँ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलपति पद तक को सुशोभित कर रही हैं। युवकों ने शिक्षा के हर क्षेत्र में अपना झंडा गाड़ दिया है। युवतियाँ भी पीछे नहीं हैं, हर क्षेत्र में युवकों को चुनौती दे रही हैं। विधवा विवाह में भी अब कोई सामाजिक बाधा नहीं रही।

इसके उपरांत दहेजप्रथा, दिखावा, आडंबर, फिजूलखर्च आदि पर समाज आंदोलित हुआ। दहेज प्रथा तो लगभग समाप्तप्राय है पर उसकी जगह आडंबर एवं फिजूलखर्ची ने ले ली है। दिखावा पहले भी था और उसके विरोध में समाज में चर्चाएँ होती थी पर आज तो दिखावा, फिजूलखर्ची और आडंबर ने सभी सीमाएँ लाँघ दी हैं। सम्पन्न वर्ग में इसे समझने के लिए फुर्सत नहीं है। मध्यम श्रेणी एवं सीमित आय श्रेणी के लोग इससे बहुत ज्यादा प्रभावित हैं। सम्मेलन के स्थापना दिवस पर हम सबको आत्मनिरीक्षण अवश्य करना चाहिये कि क्या हम अपने स्वनामधन्य बुजुर्गों के दिखाये मार्ग पर चल रहे हैं। यदि भटकाव हो रहा है तो उसका समय रहते निदान एवं उपचार करना चाहिये। मैं समाज के लोगों से अपील करता हूँ कि सादगी पर आएँ। फिजूलखर्ची के बजाय वही पैसा अपनी बच्चियों को दें, समाजसेवा में लगाएँ, अभी भी बहुत से लोग महँगी शिक्षा एवं महँगे इलाज से त्रस्त हैं। क्यों न हम उनकी पतवार बनें। आडम्बर में क्षणिक सुख मिलेगा पर किसी की भी पतवार बनने में अनंत सुख मिलेगा। अब यह निर्णय आपको लेना है कि क्षणिक सुख चाहिए या अनंत सुख। फिर जिसकी पतवार बनें, उसकी दुआ और आशीर्वाद आपके साथ हैं।

आजकल समाज में तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक है। तलाक या डिवोर्स जैसा कोई शब्द हमारे शास्त्रों एवं

धर्मग्रंथों में नहीं है। यहाँ तक कि हिन्दी भाषा में इसका कोई पर्यायवाची शब्द भी नहीं है। कारण हमारे यहाँ विवाह संस्कार को एक सात्विक शाश्वत संस्कार माना जाता है, जो जीवनपर्यंत निभाना है। कोई विशेष लाचारी या मुश्किल है तो उसे अपवादस्वरूप लेना चाहिए। शाश्वत संबंधों में अहं नहीं आना चाहिए।

आजकल शादी समारोह में मदिरापान, सड़कों पर महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा नाचना, आतिशबाजी, शादी के पहले फोटो शूट, घूमना-फिरना, अवांछित आचरण आदि बढ़ रहे हैं। सम्मेलन इस हेतु बराबर समाज को सचेष्ट कर रहा है। प्रभाव भी पड़ रहा है। पर फिर भी बहुत कमी नहीं आई है। मैं समाज से अनुरोध करना चाहता हूँ कि हमें इस हेतु समझदारी दिखानी चाहिए ताकि हमारा भविष्य सुरक्षित रह सके। जितनी भी सामाजिक बुराईयाँ हैं, उनका मूल कारण नैतिक मूल्यों में होता जा रहा ह्रास है। अतः हम सबको मिलकर हमारे पुराने मूल्यों एवं आदर्श संस्कारों पर ध्यान देना चाहिए।

पिछले सत्र में संगठन सुदृढ़ीकरण पर काफी काम हुआ है। हम इसे आगे भी जारी रखेंगे। संगठन में शक्ति होगी तो हमें कोई भी अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करेगा। हमें प्रयास करना होगा कि हर प्रांत में अपनी प्रादेशिक शाखा हो तथा हर परिवार से सम्मेलन का ताल्लुक हो, जुड़ाव हो। उच्च शिक्षा के लिए जिस तरह कोष का गठन किया गया है एवं समाज के होनहार बच्चों को उसका लाभ मिल रहा है। उसी तरह ज़रूरतमंद बंधुओं के लिए चिकित्सा कोष का भी गठन समय की आवश्यकता है, इस पर हम विचार करेंगे।

एक बार पुनः आप सबको सम्मेलन के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई! साथ ही, आंग्ल नव वर्ष में आप सभी के सुख, समृद्धि, प्रगति एवं अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामना! नव वर्ष राष्ट्र एवं समाज के लिए शुभ हो!

संस्कारों की नाव पर, समय की धार पर...

– रतनलाल बंका
राँची

आओ चलें हम
संस्कारों की नाव पर
समय की धार पर
आओ चलें हम

गीतों की गूँज पर,
घूमर पे झूम कर,
मायड़ भाषा बोलकर,
परंपराएँ तौल कर,
आओ चलें हम....

अन्य भाषाएँ सीख कर,
ज्ञान अपना ठीक कर,
संस्कृति का मान कर,
कलाकृति का ध्यान कर,
आओ चलें हम....

रूढियों को छोड़कर,
नई दिशा पर मोड़ कर,
समाज से जोड़कर,
कुप्रथा को छोड़कर,
आओ चलें हम....

धरोहर पर अभिमान कर,
सौहार्द का सम्मान कर,
मदिरा का त्याग कर,
मत पीछे जा भाग कर,
आओ चलें हम....

गठजोड़ा रख जोड़कर,
क्या मिलेगा तोड़कर,
सात्विक संस्कार पर,
मत 'ईगो' की मार कर,
आओ चलें हम....

दुर्जनता सीमा पार अगर,
मुश्किल हो जाए साथ अगर,
निर्णय लेना विचार कर,
तब दोष नहीं है त्याग कर,
आओ चलें हम....

शादी का सम्मान कर,
मर्यादा का मान कर,
फोटो शूट की न बात कर ,
संस्कारों पर न आघात कर,
आओ चलें हम....

बड़े बड़ों का मान कर,
माँ-बाप का सम्मान कर,
उन पर तू अभिमान कर,
ऋण उनका है ध्यान कर,
आओ चलें हम....

संस्कारों की नाव पर, समय की धार पर
आओ चलें हम.....

समाज एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित है मारवाड़ी समाज : अरविंद केजरीवाल

"एक समय था जब मारवाड़ी समाज को सिर्फ उद्योग-व्यापार के लिए जाना जाता था, पर आज ये व्यापार के साथ-साथ कला, साहित्य, संस्कृति, तकनीक आदि अन्य क्षेत्रों में भी अपना उल्लेखनीय स्थान बना चुके हैं। साथ ही, समाजसेवा एवं परोपकार के कार्यों हेतु, ये सदैव तत्पर रहते हैं। मारवाड़ी समाज द्वारा पूरे देश में निर्मित धर्मशाला, मंदिर, विद्यालय, कॉलेज, अस्पताल आदि दर्शाते हैं कि ये अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हैं। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में इनका योगदान अतुलनीय है।" ये उद्‌गार हैं दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री **श्री अरविंद केजरीवाल** के जो उन्होंने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के ८६वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किये। समारोह का आयोजन गत २५ दिसम्बर २०२० को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दिल्ली, कोलकाता एवं राँची से संयुक्त रूप से किया गया।

माननीय मुख्यमंत्री ने स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मेलन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। अपने सम्बोधन में श्री केजरीवाल ने कहा कि हमारी संस्कृति का आदर्श रहा है कि मारवाड़ी समाज के लोग देश के जिस भी हिस्से में रहते हैं, स्वयं की मेहनत से अर्जित धन का एक हिस्सा वहाँ के जनकल्याणकारी कार्यों हेतु खर्च करते हैं। प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में, प्रभावित लोगों की तत्काल सहायता, राहत एवं बचाव कार्य एवं उनके पुनर्वास की व्यवस्था में अपना यथासम्भव योगदान इनकी परम्परा रही है। मारवाड़ियों की विशिष्टता बताते हुए उन्होंने कहा कि ये बहुत संवेदनशील लोग होते हैं। अगर किसी ने इनका दिल जीत लिया तो ये उस पर अपना सब कुछ न्योछावर कर सकते हैं।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में मूलभूत सुधार, किसी भी समृद्ध समाज के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर हम ठान लें तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी क्षेत्रों में सुधार कर, देश से गरीबी को दूर किया जा सकता है।

इसके पूर्व, समारोह का विधिवत शुभारम्भ मुख्यमंत्री कार्यालय, दिल्ली में सम्मेलन के केन्द्रीय-प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ दिल्ली विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री रामनिवास गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वीडियो माध्यम से जुड़ी राँची से सुश्री लिपिका बंका गाड़ोदिया ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत माला, मोमेण्टो एवं शॉल प्रदान कर किया गया।

झारखंड से हरमू रोड, राँची स्थित मारवाड़ी भवन परिसर में उपस्थित प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों के समक्ष झारखंड सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री ओमप्रकाश अग्रवाल** ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान राँची से राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री बसंत मित्तल**, प्रांतीय महामंत्री **श्री पवन शर्मा**, **न्यायमूर्ति श्री रमेश मेरठिया** सहित प्रांतीय पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

अपने स्वागत संबोधन में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था – राजनैतिक परिवर्तन सहज है किन्तु सामाजिक परिवर्तन बहुत कठिन एवं समय लेने वाला कार्य है। सम्मेलन इसके लिए विभिन्न स्तरों से प्रयासरत है। सम्मेलन अपने स्थापना काल से ही, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों एवं आडम्बरों के प्रति समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज सुधार के साथ-साथ सम्मेलन शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाकार्यों के प्रति भी निरंतर प्रयासरत है। सम्मेलन द्वारा संचालित उच्च शिक्षा कोष एवं रोजगार सहायता के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं की शिक्षा में सहायता प्रदान की जा रही है एवं रोजगार उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। वर्तमान कोरोनाकाल में सम्मेलन द्वारा गठित कोरोना राहत सेवाकार्य समिति के अन्तर्गत विभिन्न प्रकल्पों द्वारा समाज के गरीब एवं वंचित वर्ग की सहायता की जा रही है। उन्होंने बताया कि '**मारवाड़ी सम्मेलन भोजनालय**' प्रकल्प में '**अन्नपूर्णा रसोई**' कार्यक्रम के अन्तर्गत कोलकाता के

विभिन्न स्थानों पर रोजाना ३०० गरीब लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर २५ दिसम्बर से ही, बिहार में भी अनेक शाखाओं द्वारा 'अन्नपूर्णा रसोई' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जा रहा है।

श्री केजरीवाल के वक्तव्य को प्रेरणादायक बताते हुए समारोह के विशिष्ट अतिथि दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष **श्री रामनिवास गोयल** ने कहा कि मारवाड़ी समाज सिर्फ राजस्थान में नहीं है। मारवाड़ से निकलकर आज ये देश और दुनिया के कोने-कोने तक पहुँच गये हैं। विषम परिस्थितियों में भी ये डटकर खड़े रहते हैं, इनको हराना बहुत कठिन है। समाज और राष्ट्र की प्रगति में मारवाड़ी समाज की अहम और सक्रिय भूमिका है।

कोलकाता से वीडियो माध्यम से जुड़े समारोह के विशिष्टअतिथि, वरिष्ठ लोकसभा सांसद **श्री सुदीप बंद्योपाध्याय** ने मारवाड़ी समाज में अपना पूरा विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इनसे मेरा बहुत पुराना जुड़ाव है। ये बहुत ही शांतिप्रिय लोग होते हैं और माँगने की बजाय देने में विश्वास रखते हैं। कोलकाता इनका दूसरा नहीं, बल्कि पहला घर बन गया है। कोरोना के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने लोगों से मास्क पहनने और शारीरिक दूरी सहित अन्य दिशा-निर्देशों के अनुपालन की बात

कही। सम्मेलन के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होने पर उन्होंने श्री अरविंद केजरीवाल को बधाई दी एवं उनके कोलकाता से जुड़े होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही, क्रिसमस के मौके पर उन्होंने सभी उपस्थितों को अपनी शुभकामनाएँ दी।

विशिष्ट अतिथि एवं राज्यसभा सांसद **डॉ. सुशील गुप्ता** ने कहा कि मैं पहले मारवाड़ी हूँ, बाद में सांसद। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि मारवाड़ी जहाँ भी रहते हैं, सभी का ख्याल रखते हैं। कम संख्या में होने के बावजूद, ये पूरे गाँव-शहर की अर्थव्यवस्था का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार में लोग इन पर आँख मूँदकर भरोसा करते हैं। उन्होंने सभी समाजबंधुओं से लोगों के भरोसे को कायम रखने एवं अपनी सेवाभाव बनाये रखने की अपील की।

समारोह के प्रधान वक्ता, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजचिंतक **श्री सीताराम शर्मा** ने कलकत्ता से श्री अरविंद केजरीवाल के जुड़ाव को याद करते हुए उनको आधा बंगाली बताया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने ३८ वर्ष की आयु में 'रेमन मेग्सेसे' जैसा प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर लिया हो, ४५ वर्ष की आयु में दिल्ली जैसे

सम्मान समारोह

उपस्थित केन्द्रीय-प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों के हर्षनाद एवं करतल ध्वनि के बीच दिल्ली के जनप्रिय मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल को **'मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान – २०१९'** से अलंकृत करने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। परम्परानुसार, श्री केजरीवाल का संक्षिप्त परिचय सम्मेलन के **राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका** ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् श्री गोयनका, दिल्ली के प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया** एवं निवर्तमान प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री राजकुमार मिश्रा** द्वारा माला, श्रीफल, तिलक, शॉल, मानपत्र एवं एक लाख रुपयों की सम्मान-राशि का चेक प्रदान किया गया। श्री केजरीवाल ने इस सम्मान हेतु संपूर्ण मारवाड़ी समाज एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से उपस्थित सम्मेलन के सभी प्रतिनिधियों एवं सदस्यों का आभार प्रकट किया।

ज्ञातव्य है कि सम्मेलन एवं दिल्ली की समाजसेवी संस्था **रामनिवास आशारानी लाखोटिया ट्रस्ट** के संयुक्त तत्वावधान में २०१४ में स्थापित यह सम्मान सम्मेलन द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्र एवं समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, औद्योगिक एवं चारित्रिक विकास के क्षेत्र में अनूठे एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए राजस्थानी मूल के एक व्यक्ति को दिया जाता है। स्थापना वर्ष २०१४ में इस सम्मान से प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय की कुलपति, **सुख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद श्रीमती अनुराधा लोहिया** को, वर्ष २०१५ हेतु भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व **मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रमेशचन्द्र लाहोटी** को, वर्ष २०१६ हेतु समर्पित **समाजसेवी पद्मविभूषण श्रीमती राजश्री बिड़ला** को, वर्ष २०१७ हेतु **उद्योगपति-समाजसेवी श्री अनिल अग्रवाल** (चेयरमैन, वेदान्ता ग्रुप) को एवं वर्ष २०१८ हेतु **लोकसभाध्यक्ष श्री ओम बिरला** को सम्मानित किया गया था।

राज्य के मुख्यमंत्री बन गये हों, उनको अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर, मारवाड़ी सम्मेलन ने उनसे अधिक अपना सम्मान किया है। सम्मान को स्वीकार कर, इन्होंने सम्मेलन का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 'आप' और सम्मेलन के उद्देश्यों में बड़ी समानता है। आप व्यवस्था, शासन और राजनीति को सुधारना चाहते हैं और पिछले ८५ वर्षों से अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन सामाजिक सुधार का ही कार्य कर रहा है।

श्री शर्मा ने वरिष्ठ लोकसभा सांसद श्री सुदीप बंद्योपाध्याय को कोलकाता में मारवाड़ियों एवं संपूर्ण प्रवासी हिंदी-भाषी समाज का सच्चा हितैषी एवं प्रतिनिधि बताया। मारवाड़ियों की साख के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा **'न खाता, न बही, जो मारवाड़ी कहे, वही सही।'** उन्होंने इस साख को बनाये रखने की बात कही। सामाजिक सुधार को उन्होंने सबसे बड़ा सुधार बताया।

समारोह में उपस्थित द्वारका, दिल्ली के विधायक **श्री विनय मिश्रा** ने मारवाड़ी समाज की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि अपनी नौकरी-पेशा एवं उद्योग-व्यापार के साथ-साथ ये समाजहित में सदैव तत्पर रहते हैं। असाधारण समय में इनके द्वारा किया गया नेक और परोपकारी कार्य इनके समर्पण एवं सेवाभाव को दर्शाता है। स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने सम्मेलन को सदैव अपने सहयोग की बात कही।

कोलकाता के डकबैक हाउस स्थित सम्मेलन कार्यालय सभागार से सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री **श्री संजय हरलालका**, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री सुदेश अग्रवाल**, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री दामोदर बिदावतका** एवं निवर्तमान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी** उपस्थित थे। दिल्ली, कोलकाता एवं राँची से सामंजस्य बैठाते हुए समारोह का कुशल संचालन राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने किया। धन्यवाद-ज्ञापन वीडियो माध्यम से जुड़े सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री भानीराम सुरेका** ने किया। दिल्ली में समारोह आयोजन में सर्वश्री **ओमप्रकाश अग्रवाल, अनिल जैन, बाबुलाल दुग्गड़, गोपाल सुथार** एवं **सौरभ भारद्वाज** की सक्रिय भूमिका रही।

समारोह में वीडियो माध्यम से सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण सर्वश्री **नंदलाल रुँगटा, डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, रामअवतार पोद्दार, प्रह्लाद राय अगरवाला** एवं **संतोष सराफ**, सर्वश्री **आत्माराम सोंथलिया, नंदलाल सिंघानिया, शिव कुमार लोहिया**, राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण सर्वश्री **पवन सुरेका, अशोक जालान, डॉ. श्याम सुंदर हरलालका एवं विजय कुमार लोहिया**, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल**, प्रादेशिक अध्यक्षगण सर्वश्री **गोविंद अग्रवाल** (उत्कल), **महेश जालान** (बिहार), **पुरुषोत्तम सिंघानिया** (छत्तीसगढ़), **रमेश बंग** (तेलंगाना), **डॉ. सुभाष अग्रवाल** (कर्नाटक), **गोकुल चंद बजाज** (गुजरात), **नंदकिशोर अग्रवाल** (पश्चिम बंग), **श्याम सुंदर अग्रवाल** (केरल) सहित सर्वश्री **ओ.पी. खंडेलवाल, अशोक केडिया, बी.एल. अग्रवाल, अजय गुप्ता, अमर बंसल, धरमचंद मोदी, अमर कुमार दहलान, गणेश कुमार खेमका, जे.के. बजाज, कौशल राजगढ़िया, मधुसूदन सीकरिया, मनीष टिबड़ेवाल, मुकेश जैन, पवन जालान, राजेश पोद्दार, रंजीत डालमिया, रतनलाल अग्रवाल, संजीव केडिया, शिव हरि बंका, सुरेश अग्रवाल, विनोद किला, शांतिलाल जैन, सुरेश कमानी, काशी प्रसाद धेलिया, मानिक चंद पुगलिया, राजेश बजाज, हरिशंकर अग्रवाल, मतादीन अग्रवाल** के अलावा देशभर से सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

To your taste buds, with love...

Refreshingly, yours.

Indulgently, yours.

Addictively, yours.

Spicily, yours.

Healthily, yours.

Nourishingly, yours.

Delightfully, yours.

Obsessively, yours.

Temptingly, yours.

Passionately, yours.

Snackingly, yours.

Yours Tastefully Anmol™

celebrating 25 years

BISCUITS

www.anmolindustries.com | Follow us on:

संस्कार-संस्कृति के प्रति जागरूक रहे भावी पीढ़ी : गोवर्धन गाड़ोदिया

संगठन-विस्तार सहित सभी क्षेत्रों में सम्मेलन की प्रगति उत्साहजनक : सीताराम शर्मा

"अपने स्थापनाकाल से ही, सम्मेलन अपनी सभ्यता, संस्कृति, भाषा एवं विशेषकर संस्कार संरक्षण के प्रति सदैव सचेत रहा है। हमारे युवक-युवतियों, तरुण-तरुणियों को अपने संस्कारों के प्रति जागरूक रखना आज समय की माँग है। इस दिशा में अपने-अपने स्तर पर सम्मेलन की शाखाएँ/समाजबंधु निरंतर कार्य करते रहते हैं। तथापि, इस विषय पर अपनी भावी पीढ़ियों को जागरूक रखने के लिए संगठित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। वर्तमान सत्र में यह मेरी प्राथमिकताओं में होगा।" ये वक्तव्य हैं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** के जो उन्होंने गत २७ दिसम्बर २०२० को सम्मेलन की सर्वोच्च नीति निर्धारक अखिल भारतीय समिति की बैठक में बोलते हुए व्यक्त किये। बैठक का आयोजन झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से कोलकाता एवं राँची से संयुक्त रूप से किया गया।

श्री गाड़ोदिया ने सम्मेलन की अभी तक की उपलब्धियों को अभूतपूर्व बताते हुए उनको और आगे ले जाने की बात कही। समाज सुधार, संगठन-विस्तार, सेवाकार्य के साथ-साथ, उन्होंने भावी पीढ़ी को अपने संस्कार-संस्कृति के प्रति सचेत एवं जागरूक रखने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय सम्मेलन की प्रेरणा से सम्मेलन की भोजनालय योजना 'अन्नपूर्णा की रसोई' की शुरूआत अन्य प्रांतों में भी हो रही है, यह अत्यंत हर्ष का विषय है।

श्री गाड़ोदिया ने सर्वप्रथम, वर्तमान सत्र की अखिल भारतीय समिति की पहली बैठक में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु अपने निर्विरोध निर्वाचन के लिए समिति के सभी सदस्यों का हार्दिक आभार निवेदित किया। साथ ही, गत २१-२२ नवम्बर २०२० को राँची, झारखंड में आयोजित सम्मेलन के २६वें राष्ट्रीय अधिवेशन में मार्गदर्शन हेतु सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का तथा इसकी सर्वरूपेण सफलता के लिए स्वागताध्यक्ष श्री विनय सरावगी एवं उनकी पूरी टीम का एवं कुशल आतिथ्य के लिए झारखंड सम्मेलन के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, महामंत्री श्री पवन शर्मा सहित सभी केन्द्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों का हार्दिक आभार प्रकट किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने कहा कि लगभग पूरे देश में आज सम्मेलन की उपस्थिति है। केन्द्र और प्रांतों के बीच आपसी सामंजस्य बढ़ा है। केन्द्रीय सम्मेलन के एक आह्वान पर सामाजिक कार्यों में प्रांतों द्वारा बढ़-चढ़कर सहभागिता की जाती है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में युवा नेतृत्व की भी वृद्धि हुई है जो हर्ष का विषय है और इसका सकारात्मक प्रभाव भी दिख रहा है।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री नंदलाल रुँगटा** ने कहा कि समाज के वंचित तबकों की चिकित्सा में सहायता आज समय की माँग है। इस हेतु एक प्रकल्प की स्थापना हमारी प्राथमिकताओं में है। उन्होंने सम्मेलन का विस्तार नगर-ग्राम शाखा तक कर, समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचने की बात कही। निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश के कम-से-कम ३०० जिलों में सम्मेलन का अपना कार्यालय हो, इसके लिए हमें सामूहिक प्रयास करना होगा।

बैठक में अखिल भारतीय समिति की पिछली बैठक (११ जुलाई २०२०; वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से) का कार्यवृत पारित हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने पिछली बैठक के बाद से अब तक के सम्मेलन के क्रियाकलापों पर **'महामंत्री की रपट'** एवं सम्मेलन के २६वें राष्ट्रीय अधिवेशन पर संक्षिप्त रपट प्रस्तुत की। साथ ही, श्री हरलालका ने सम्मेलन के भावी कार्यक्रमों का खाका भी सदस्यों के समक्ष रखा।

कार्यसूची के अनुसार, संविधान की धारा १०(१) के अन्तर्गत राष्ट्रीय कार्यकारिणी तथा धारा ९(१६) के अन्तर्गत विभिन्न उपसमितियों के गठन के निर्णय का अधिकार सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा गया।

कार्यसूची के अनुसार, सम्मेलन के बैंक खाताओं के संचालन हेतु पदाधिकारियों को अधिकृत करने के विषय में विचार-विमर्श हुआ और इस हेतु आवश्यक कदम उठाने का अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ झारखंड सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष **श्री ओमप्रकाश अग्रवाल** द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर किया गया। अपने वक्तव्य में श्री अग्रवाल ने प्रांत में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री बसंत मित्तल** ने कहा कि सम्मेलन को लेकर लोगों में उत्साह है और लोग इससे जुड़ने को उत्सुक हैं। उन्होंने संगठन-विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि आगामी दिनों में पूरे देश में दौरा कर, इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जायेंगे।

बिहार सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री महेश जालान** ने बताया कि सम्मेलन के स्थापना दिवस के अवसर पर गत २५ दिसम्बर को बिहार के ३६ शाखाओं द्वारा एक साथ 'अन्नपूर्णा रसोई' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके अलावा, प्रदेश में रक्तदान, अंगदान, नेत्रदान, देहदान के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु विचारगोष्ठिओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

तमिलनाडु सम्मेलन के प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री अशोक मूँधड़ा** ने प्रदेश में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य एवं सेवाकार्य से सम्बंधित कई प्रकल्पों पर विचार चल रहा है। उन्होंने भावी कार्यक्रमों हेतु तमिलनाडु सम्मेलन को आतिथ्य का मौका देने का अनुरोध किया।

तमिलनाडु सम्मेलन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष **श्री जगदीश प्रसाद शर्मा** ने स्वास्थ्य की महत्ता पर जोर डालते हुए स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं एवं समाज के जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क उपचार मुहैया करवाने हेतु प्रकल्प पर अपने विचार प्रकट किये।

प्रादेशिक अध्यक्षों सर्वश्री **नंदकिशोर अग्रवाल** (पश्चिम बंग), **लक्ष्मीपत भूतोड़िया** (दिल्ली), **गोविंद अग्रवाल** (उत्कल) एवं **डॉ. सुभाष अग्रवाल** (कर्नाटक) ने भी अपने संक्षिप्त विचार रखे।

धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री अशोक जालान** ने कहा कि किसी भी सामाजिक कार्यक्रम की सफलता हेतु एक मजबूत संगठन आवश्यक है। अंत में, दिवंगत विशिष्ट संरक्षक सदस्यों हरि प्रसाद अग्रवाल एवं रतन मारोठिया तथा उत्कल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ मारोठिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। **बैठक का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।**

बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री रामअवतार पोद्दार**, राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण **सर्वश्री भानीराम सुरेका, पवन गोयनका, पवन सुरेका, विजय लोहिया**, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्रीद्वय **श्री गोपाल अग्रवाल** एवं **श्री सुदेश अग्रवाल**, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री दामोदर बिदावतका, न्यायमूर्ति रमेश मेरठिया, सर्वश्री आत्माराम सोंथलिया, पुरुषोत्तम सिंघानिया, कैलाशपति तोदी, दिनेश जैन, राजकुमार मिश्रा, पवन शर्मा, अशोक केडिया, गौरीशंकर अग्रवाल, जुगल किशोर जाजोदिया, निर्मल काबरा, नरेन्द्र तुलस्यान, ओ.पी. टिबड़ेवाल, बी. एल. अग्रवाल, गणेश खेमका, संजय शर्मा, शिव हरि बंका, कैलाश दुग्गड़, रतनलाल बंका, राजकुमार मूँधड़ा, विष्णु दयाल अग्रवाल, रंजीत डालमिया, प्रकाश पटवारी, गोपी धुवालिया, शांतिलाल जैन, एस.एस. गोयनका, प्रदीप जैन, हरिकिशन अग्रवाल, पवन बजाज, रमेश गोयनका, सुरेश कमानी, निर्मल झुनझुनवाला** सहित देशभर से सम्मेलन के पदाधिकारी-सदस्यगण उपस्थित थे।

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन का प्रांतीय चुनाव

ओम प्रकाश खंडेलवाल होंगे पूर्वोत्तर सम्मेलन के नये अध्यक्ष

प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव हेतु गठित तदर्थ समिति के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र २०२०-२२ हेतु प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव गत ०६ दिसम्बर २०२० को ऑनलाइन सम्पन्न हुआ।

चुनाव में श्री ओमप्रकाश खंडेलवाल एवं श्री कैलाश काबरा प्रत्याशी थे। मतगणना के पश्चात चुनाव अधिकारी श्री कृष्ण कुमार जालान ने श्री ओमप्रकाश खंडेलवाल को विजयी घोषित किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल ने अपने निर्वाचन हेतु आभार व्यक्त करते हुए सबके साथ मिलकर समाजहित में कार्य करने की बात कही।

संक्षिप्त जीवन परिचय : श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल

श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल एक हँसमुख, मिलनसार, प्रगतिशील सोच व जुझारु व्यक्तित्व के स्वामी होने के साथ ही निष्ठावान सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

आपका जन्म ९ दिसंबर १९४६ को राजस्थान के सीकर जिले के राणोली ग्राम में हुआ था। आपकी प्रारंभिक शिक्षा उच्चतर माध्यमिक स्तर तक राजस्थान में हुई तथा वाणिज्य में स्नातक की डिग्री गुवाहाटी के प्रतिष्ठित कॉमर्स कॉलेज से प्राप्त की। तत्पश्चात् आपने कानून की पढ़ाई गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, मुंबई से प्राप्त की। आपने वकालत के पेशे को अपनाते हुए गोलाघाट, असम में वकालत प्रारंभ की तथा कुछ अर्से तक कॉलेज में अवैतनिक प्राध्यापक का कार्य भी किया। लेकिन बाद में पारिवारिक व्यवसाय की जिम्मेदारी निभाने के कारण आपको शिक्षा व कानून के पेशे को त्यागना पड़ा।

आप मारवाड़ी सम्मेलन मे १९७० से जुड़े हुए हैं। आपका सम्मेलन से जुड़ाव अपने पूज्य पिताजी से सामाजिक विरासत के रूप में प्राप्त हुआ था। आपके पिताजी स्व. जयदेव खण्डेलवाल ने दो बार प्रांतीय अध्यक्ष तथा एक बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में सम्मेलन व समाज को अपनी सेवाएँ प्रदान की थीं। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता खण्डेलवाल ने गुवाहाटी शाखा, मारवाड़ी महिला समिति की संस्थापक अध्यक्षा तथा अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रांतीय अध्यक्षा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्षा के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की हैं। श्री ओमप्रकाश जी खण्डेलवाल का बचपन से ही समाजसेवा से लगाव रहा है तथा महज ९ वर्ष की उम्र से ही आप अपने पैतृक गाँव में समाजसेवा से जुड़ गये थे। आपने सम्मेलन के गोलाघाट शाखा के अध्यक्ष, फिर प्रांतीय महामंत्री के रूप में तथा उसके पश्चात दो बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की। अपने जीवन काल में आपने राज्य तथा राष्ट्र की विभिन्न व्यापारिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा दातव्य न्यास एवं सेवाभावी संस्थाओं में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए अपनी समर्पित सेवा देते आये हैं और अब भी दे रहे हैं। सामाजिक कार्यों के प्रति आपका उत्साह आज भी पूर्ववत बरकरार है।

'कोरोना' न बणावो 'करुणा'

स्वास्थ पर द्यो 'ध्यान', बेमलब क खरचे पर लगावो 'पूर्णविराम'

– संजय हरलालका
राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

सैंसे पैळी सम्मेलन क बडेरा अर आप सगळा न मेरा प्रणाम। कारजकर्ता के तौर पर २००८ म सम्मेलन स जुड़णे क बाद आज राष्ट्रीय महामंत्री क रुप म आपके सामने आपकी बात राख रह्यो हूँ। प्रयास कर रह्यो हूँ कै आपणी बोलचाल की मायड़ भासा म बात राखूँ, जठै गलती लागै, बठे माफ करोगा अर सुधार को मोको देवोगा तो ओर अच्छो लागसी।

